भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 607

दिनांक 20.11.2019 को उत्तर देने के लिए

भारत को जानो कार्यक्रम

607. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

श्री विनायक भाऊराव राऊतः

श्री हेमन्त पाटिलः

श्री डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एसः

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 54 वें भारत को जानो कार्यक्रम में कितने युवाओं ने भाग लिया;

(ख) उक्त कार्यक्रम आयोजित करने के क्या उद्देश्य हैं तथा नामांकन के चयन के लिंए सरकार द्वारा क्या मानद ड निर्धारित किए गए हैं तथा इस कार्यक्रम के लिए आवंटित एवं व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2004 से सरकार द्वारा ऐसे कितने कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं तथा अब तक क्या उपलब्धि हासिल हुई है;

(घ) क्या उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत भागीदारियों की संख्या में गत कुछ वर्षों में कमी आई है;

(ड) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण है; और

(च) विदेशों में भारतीयों के लिए इस कार्यक्रम में सुधार करने हेतु मंत्रालय किस प्रकार योजना बना रहा है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) 40 प्रतिभागी।

(ख) भारत को जानिए कार्यक्रम (केआईपी) भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य भारतीय डायस्पोरा के 18-30 वर्ष आयु समूह के छात्रों तथा युवा पेशेवरों में अपनी मातृभूमि के प्रति जुड़ाव की भावना पैदा करने और भारत में हो रहे बदलाव के माध्यम से उन्हें प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कला, धरोहर तथा संस्कृति के विभिन्न रूपों और साथ ही उद्योग, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रद्यौगिकी, सूचना एवं संचार प्रद्यौगिकी आदि जैसे विविध क्षेत्रों में भारत की प्रगति से उन्हें अवगत करना भी है।

प्रतिभागियों का चयन निम्नलिखित पात्रता शर्तों पर आधारित होता हैः-

(i) **आयुः** 18-30 वर्ष

(ii) **पिछली भागीदारीः** आवेदक ने भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किसी भी योजना के जरिए पूर्व में भारत की यात्रा न की हो।

(iii) **शैक्षिक योग्यताः** किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम-से-कम स्नातक की डिग्री अथवा स्नातक हेतु नामांकन।

(iv) **भाषाः** आवेदकों को अंग्रेजी का ज्ञान हो।

(v) चालू वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इस योजना हेतु सरकार द्वारा 6.00 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। उक्त योजना के तहत अभी तक 1.10 करोड़ रुपए की राशि पहले ही खर्च की जा चुकी है।

(ग) वर्ष 2004 से भारत सरकार ने भारत को जानिए कार्यक्रम के 56 संस्करण संचालित किए हैं जिनमें 1941 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 57 वें संस्करण के प्रतिभागी इस समय भारत में हैं। भारत को जानिए कार्यक्रम के 58 वां तथा 59 वां संस्करण इसी वित्त वर्ष के दौरान दिसंबर, 2019, जनवरी, 2020 में संचालित किया जाएगा।

(घ) नहीं।

(ङ) लागू नहीं होता।

(च) विदेश मंत्रालय ने भारत को जानिए कार्यक्रम में सुधार करने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से टिप्पणियां/विचार मांगे थे। इन मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को समाविष्ट किया गया है ताकि भारत का जानिए कार्यक्रम में सुधार किया जा सके। इसके अलावा मंत्रालय ने भारतीय युवा डायस्पोरा को आकर्षित करने के लिए कई उपाए भी किए हैं जैसे बीएआरसी, इसरो, परमाणु ऊर्जा संयंत्र आदि जैसे वैज्ञानिक संस्थानों की यात्राओं का आयोजन, भारत को जानिए लोगो प्रतियोगिता तथा अतुल्य भारत फोटो प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभागियों को केआईपी अंकित टी-शर्ट बांटना, सोशल मीडिया पर अधिक-से-अधिक उपस्थिति दर्ज कराना आदि।

***